EDI

Rajasthan Patrika

May 05, 2016
Page No. 3

ईडीआई में 13 चीनी विद्यार्थियों ने सीखी हिंदी

हिंदी में बताए अनुभव

अहमदाबाद. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआई) में चीन के 13 विद्यार्थियों ने उद्यमिता के साथ-साथ यहां हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति को सीखा। संस्थान के इस पाठ्यक्रम के संयोजक डॉ.अवधेश झा ने बताया कि चीन की यूनान मिन्जू यूनिवर्सिटी से 11 और ग्वांगडोन्ग यूनिवर्सिटी से दो विद्यार्थियों ने उन्नत व्यावसायिक हिंदी प्रमाण-पत्र कोर्स में प्रवेश लिया था।

नौ महीने तक इन्हें भारतीय संस्कृति, तीज, त्योहार के बारे में जानकारी देने के साथ साथ कबीर और रहीम के दोहे, ख्यात कवियों की पंक्तियां और रचनाओं के जरिए हिंदी भाषा सिखाई गई। हिंदी फिल्मों और गीतों के जरिए भी इन्हें हिंदी के बारे में ज्ञान दिया गया। सबसे अहम ये है कि इन्हें हिंदी माध्यम और भाषा में उद्यमिता के गुर भी सिखाए गए। इन्हें दिल्ली, आगरा, जयपुर, उदयपुर और वाराणसी का भ्रमण भी कराया गया। जीयू के कुलपति डॉ. एम.एन. पटेल ने इन विद्यार्थियों को संस्थान के निदेशक डॉ.सुनील शुक्ला की उपस्थिति में प्रमाण-पत्र प्रदान किए। इस दौरान इन विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा में ही अपने अनुभव बताए।

निदेशक सुनील शुक्ला ने बताया कि चीनी विद्यार्थियों को हिंदी औरप हिंदी माध्यम में उद्यमिता पढ़ाने का ये तीसरा बैच है।